


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 07 जुलाई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 262 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







## अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट मामले की हाईकोर्ट में सुनवाई

# मौत की सज़ा बरकरार



● कुल 78 आरोपियों पर चलाया गया मुकदमा, 49 पाए गए दोषी, 28 को किया गया बरी

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने मंगलवार को 2008 के सीरियल ब्लास्ट मामले में विशेष अदालत के फैसले को बरकरार रखा। इस मामले में 56 लोग मारे गए थे और 246 घायल हुए थे। उच्च न्यायालय ने 38 दोषियों की मौत की सजा और 11 अन्य को आजीवन कारावास की सजा में राहत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने राज्य सरकार को पीड़ितों को मुआवजा देने का भी आदेश दिया। मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 5 लाख रुपये और सामान्य रूप से घायलों को 1 लाख रुपये दिए जाएंगे। यह भुगतान 31 मार्च, 2027 तक किया जाना अनिवार्य है। 26 जुलाई, 2008 को अहमदाबाद शहर में कई ब्लास्ट हुए थे। इसके दो दिन बाद सूरत में भी बम मिले थे। शहर की क्राइम ब्रांच की जांच में 100 से अधिक लोगों को आरोपी बनाया गया था। कुल 78 लोगों पर मुकदमा चलाया गया। फरवरी 2022 में, एक विशेष अदालत ने 49 लोगों को दोषी पाया था। वहीं, 28 अन्य को बरी कर दिया गया था। बरी किए गए लोगों में मुबीन शेख और मंसूर पीरभॉय शामिल थे। इन पर साजिश रचने और धमकी भरे ईमेल भेजने का आरोप था। उन्होंने आतंकी हमले की जिम्मेदारी भी ली थी। ट्रायल कोर्ट ने एक अप्रूवर को माफ कर दिया था। चार अन्य अप्रूवर, जिन्होंने बाद में अपने बयान वापस ले लिए थे, उन्हें दोषी ठहराया गया। 2008 के ब्लास्ट अस्पतालों पर पहला हमला थे। आरोपियों द्वारा भेजे गए ईमेल में दावा किया गया था कि यह 2002 के गोधरा-बाद के गुजरात हिंसा का बदला था।

### 6 हत्याएं करने वाले आसिफ अली को एसटीएफ मार गिराया



**अंबेडकरनगर।** यूपी एसटीएफ ने अंबेडकरनगर में बदमाश आसिफ अली (40) को मंगलवार सुबह 4 बजे एनकाउंटर में मार गिराया। STF ने उसे घेरा तो उसने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में सीने में दो गोली लगने से वह ढेर हो गया। मुठभेड़ जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर जगदीशपुर गांव के पास हुई। आसिफ छैमार गैंग का सरगना था। पति-पत्नी समेत 6 हत्याओं में वांटेड था। बदमाश रात के वक्त कच्छा बनियान पहनकर अपने गुर्गों के साथ घर में घुसकर लूट की वारदात करता था। वह परिवार को बंधक बनाता था। डकैती के बाद हत्या करके भाग जाता था। फिर नाम बदलकर दूसरे राज्य और जिले में छिप जाता था। नोएडा STF यूनिट के एडिशनल एसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया-जौनपुर में डकैती डालकर दो महिलाओं की हत्या कर दी थी। 3 और लोगों पर भी जानलेवा हमला किया था। तब उस पर जौनपुर पुलिस ने एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। उसके खिलाफ यूपी, राजस्थान और हरियाणा में 20 मुकदमे दर्ज थे।

### फिलहाल चंपत राय विहिप के अंतराष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने रहेंगे



**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी विवाद के बाद ट्रस्ट से इस्तीफा देने वाले चंपत राय फिलहाल विहिप यानी विश्व हिंदू परिषद में अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने रहेंगे। विहिप के अध्यक्ष आलोक कुमार ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा-जब तक आरोप साबित नहीं हो जाते, तब तक कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। इधर, चंपत राय राम मंदिर के निकट रामकोट स्थित तीर्थ क्षेत्र पुरम में एकांतवास कर रहे हैं। विहिप और अन्य सहयोगी संगठनों से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं को भी चंपत राय से मिलने के लिए अनुमति लेनी पड़ रही है। फैजाबाद एंटी करप्शन कोर्ट में अनुकल्प मिश्र, लवकुश, रमाशंकर मिश्र, अविनाश शुक्ला और करुणेश पांडेय की पुलिस रिमांड याचिका पर सुनवाई होगी।

### ट्रक में जा घुसी तेज रफ्तार कार एक परिवार के पांच लोगों की मौत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मैहर जिले में मंगलवार तड़के तेज रफ्तार स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) के एक ट्रक से पीछे से टकरा जाने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज रफ्तार एसयूवी की ट्रक से हुई भिड़ंत इतनी भयानक थी कि गाड़ी लोहे के मलबे में तब्दील हो गई। सभी लोग जन्मदिन समारोह में शामिल होने के बाद मैहर लौट रहे थे। देहात थाना प्रभारी पंचराज सिंह ने बताया कि मरने वाले सभी लोग अमरपाटन जिले के वाइस प्रेसिडेंट मनोज पटेल के जन्मदिन समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। मरने वाले उनके साले बताए जा रहे हैं, सभी मरने वाले और घायल लोकल कांग्रेस नेता मनीष पटेल के भाई बताए जा रहे हैं।

### बेकाबू ट्रोले ने पांच लोगों को रौंदा तीन बच्चों की मौत, एक लापता

**जयपुर।** अजमेर-जयपुर हाईवे पर दो सौ फीट बत्ती के पास मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार और बेकाबू ट्रोले ने सड़क किनारे मौजूद पांच लोगों को कुचल दिया। हादसे में तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बच्चा लापता बताया जा रहा है। बच्चों के माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। फिलहाल सिविल डिफेंस की टीम लापता बच्चे की तलाश में अभियान चला रही है।

### सुप्रीमकोर्ट की डीएमके को फटकार, सीएम विजय को राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को डीएमके की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय और TVK के अन्य नेताओं को सितंबर 2025 की करूर भगदड़ में मारे गए लोगों के परिवारों से बातचीत करने या सार्वजनिक बयान देने से रोकने की मांग की गई थी। जस्टिस के.वी. विश्वनाथन और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को 'राजनीतिक मंच' नहीं बनाया जाना चाहिए। कोर्ट ने खुद इस मामले की सीबीआई जांच का आदेश दिया था।

### दिव्यांग की पत्नी से रात में मिलने पहुंचे सब-इंस्पेक्टर पकड़े गए

**आजमगढ़।** आजमगढ़ के देवगांव कोतवाली क्षेत्र के जमुई गांव में बीती रात एक नाटकीय घटना सामने आई। ग्रामीणों ने एक सब-इंस्पेक्टर को दिव्यांग व्यक्ति के घर से पकड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि सब-इंस्पेक्टर अल्ताफ खान का दिव्यांग की पत्नी से लंबे समय से संबंध था। सूचना पर पहुंची पीआरवी 112 ने अल्ताफ खान को हिरासत में लिया और पल्हना पुलिस चौकी ले गई। आरोप है कि पुलिस चौकी से ही अल्ताफ खान मौका देखकर फरार हो गए। इस घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और मामले को लेकर चर्चाएं तेज हैं।

### बुरहान की बरसी पर लगा आतंकियों का जमघट, भारत के खिलाफ कराची में बैठक



**चंडीगढ़।** हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी रहे बुरहान वानी की 10वीं बरसी पर कराची में आतंकियों के बड़े-बड़े आकाओं की एक गुप्त बैठक हुई। यह बैठक 5 जुलाई को लश्कर-ए-ताइबा के राजनीतिक संगठन पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) के मुख्यालय में हुई। बैठक में जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी गुटों से संबंधित 14 बड़े आतंकियों और आईएसआई से ताल्लुक रखने वालों ने शिरकत की। बैठक में बुरहान वानी की बरसी पर भारत विरोधी साजिश रची गई। इसमें कश्मीर घाटी के हिस्सों में बड़ी वारदातों को अंजाम देने के लिए युवाओं को हथियार पहुंचाने का टास्क सौंपा गया।

### 'कॉकरोच जनता पार्टी' का एक्स काउंट अनब्लॉक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को आदेश दिया कि 'कॉकरोच जनता पार्टी' का एक्स काउंट अनब्लॉक किया जाए। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की बेंच ने पार्टी के फाउंडर अभिजीत दिपके की याचिका को मंजूरी दे दी। कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार की मुख्य चिंता, जिसके कारण अकाउंट ब्लॉक किया गया था, अब प्रासंगिक नहीं रही, क्योंकि नीट परीक्षा पहले ही पूरी हो चुकी है। इसी आधार पर याचिका को मंजूरी दी गई। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि पार्टी का एक्स अकाउंट ब्लॉक करने के पीछे मुख्य चिंता यह थी कि इसकी पोस्ट से नीट परीक्षा के दौरान छात्रों और अभिभावकों के बीच अफरातफरी मच सकती थी।

## ब्रह्मोस डील मुहरबंद

● भारत की मदद से अब इंडोनेशिया में भी बनेगी ईवीएम, द्विपक्षीय बैठक में कई अहम समझौते



**जकार्ता।** भारत और इंडोनेशिया के बीच ब्रह्मोस डील पर मुहर लग गई है। भारत इंडोनेशिया को ब्रह्मोस मिसाइल की अतिरिक्त यूनिट देगा। फिलीपींस, वियतनाम के बाद इंडोनेशिया इसे खरीदने वाला तीसरा देश बना है। पीएम मोदी ने मंगलवार को जकार्ता में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से मुलाकात की। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय बैठक में कई अहम समझौते हुए। इंडोनेशिया ने ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल भारतीय 'अस्त्र' एयर-टू-एयर मिसाइल खरीदने का भी फैसला किया है। इसके अलावा भारत इंडोनेशिया के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) विकसित करने में मदद करेगा। इसे भारत की चुनावी व्यवस्था पर भरोसे के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इंडोनेशिया दौरे का आज दूसरा दिन है। जकार्ता में मंगलवार सुबह मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने उन्हें गले भी लगाया।

### खामेनेई का जनाजा पहुंचा कोम, निकाली गयी अंतिम यात्रा, गुरुवार को होंगे सुपुर्द-ए-खाक़

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई का



पार्थिव शरीर सोमवार शाम तेहरान से कोम पहुंच गया। ईरान के सरकारी टीवी के मुताबिक, हेलिकॉप्टर के जरिए पार्थिव शरीर को कोम लाया गया, जहां आज मंगलवार को अंतिम यात्रा और धार्मिक रस्में अदा की गयीं। कोम में अंतिम यात्रा के बाद खामेनेई के पार्थिव शरीर को उनके गृह नगर मशहद ले जाया जाएगा। गुरुवार को उन्हें इमाम रजा दरगाह परिसर में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। कोम को शिया मुसलमानों का प्रमुख धार्मिक केंद्र माना जाता है। इससे पहले तेहरान में तीसरे दिन भी लाखों लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए।





### एक और पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को लगाया ठिकाने



● पहले छत से फेंका, नहीं मरा तो लगा दिया टॉयलेट क्लीनर का इंजेक्शन

**निजामाबाद।** तेलंगाना के निज़ामाबाद ज़िले से एक ऐसी सनसनीखेज और रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है, यहाँ एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पहले अपने पति को छत से नीचे फेंक दिया लेकिन पति मरा नहीं। घायलवस्था में उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया तो वहां पर इलाज के दौरान उसके हाथ में लगे कैनुला (Medical Cannula) के ज़रिए टॉयलेट क्लीनर का इंजेक्शन लगाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को इस खौफनाक हत्याकांड का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी पत्नी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

## नासिक में फट सकता है बादल!



### महाराष्ट्र में कुदरत के कहर से तबाही

● मुम्बई में आफत की बारिश, डोडा में भारी वर्षा के बाद आ गयी बाढ़

मुम्बई/श्रीनगर। महाराष्ट्र के नासिक और त्र्यंबकेश्वर क्षेत्र में भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में 300 मिमी तक बारिश का रेड अलर्ट घोषित किया है। नासिक में बादल फटने की आशंका भी जताई है। नासिक के सभी स्कूल और कॉलेजों में आज छुट्टी घोषित की गई है। वहीं, त्र्यंबकेश्वर मंदिर और साढ़े तीन शक्तिपीठों में शामिल सप्तश्रृंगी मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आज बंद रहेंगे। रत्नागिरी जिले के शेलारवाड़ी में बारिश के कारण लैंडस्लाइड हो गया। इसकी चपेट में आने से एक मकान का हिस्सा ढह गया। दो लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। वहीं मुम्बई में भी आफत की बारिश ने सड़कों को डूबो दिया है, रास्ते बंद है, लोक ट्रेनें प्रभावित हैं, आवागमन में घोर कठिनाइयों के चलते आमलोगों की पूरी दिनचर्या लड़खड़ा गयी है। इधर, जम्मू-कश्मीर के डोडा में बादल फट गया है जिससे बाढ़ आ गई। बाढ़ का पानी, पत्थर और मलबा रिहायशी इलाकों में घुस गया। कई मकानों और गाड़ियों को नुकसान हुआ। सड़कों पर मलबा भर गया।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव

● तापमान अधिकतम : 37.8°C
● तापमान न्यूनतम : 24.0°C

● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30

वाराणसी, 07 जुलाई, मंगलवार, 2026 (3)








सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट द्वारा ग्राम भंदहा कला कैथी में संचालित आशा लाईब्रेरी में 2 दिवसीय समर कैंप में शामिल प्रतिभागी व प्रशिक्षक।

# महिला को बस ने कुचला, मौत

## बिटिया को स्कूल छोड़कर लौटते समय हादसा, भाग निकला चालक



● स्थानीय लोगों में रोष, मौके से फरार बस ड्राइवर की तलाश में जुटी पुलिस

**वाराणसी।** शिवपुर थाना अंतर्गत सुद्धीपुर बाईपास रोटी ढाबा के समीप मंगलवार की सुबह करीब सात बजे अपनी बेटी को स्कूल छोड़कर वापस घर लौट रही 35 वर्षीय आकांक्षा श्रीवास्तव नामक महिला की सड़क पार करते समय गिलट बाजार की ओर से बाबतपुर की ओर जा रही बस की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और यूपी ए टी 4626 नंबर की सवारी बस को कब्जे में ले लिया। प्रारंभिक सूचना के अनुसार मृतका आकांक्षा श्रीवास्तव के पति राहुल कुमार यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया की शाखा में मैनेजर हैं। शिवपुर बाईपास स्थित न्यू अशोक विहार कॉलोनी में पिछले पांच माह से किराए के मकान में रहते हैं। नित्य की भांति मंगलवार को भी मृतका आकांक्षा श्रीवास्तव अपनी 7 वर्षीया बेटी को गिलट बाजार स्थित अतुलानंद स्कूल छोड़ने के लिए न्यू अशोक विहार स्थित अपने किराए के मकान से पैदल निकली, स्कूल छोड़कर वापस लौटते समय सड़क पार करने के दौरान यह घटना घटित हो गई। घटना के बाद कॉलोनी के आसपास के लोग बेहद दुःखी हैं और बस चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह हादसा बस चालक की लापरवाही से हुआ उसे सख्त सज़ा मिलनी चाहिए।

### स्कूली बस पर गिरा हाईटेंशन तार का पोल

**वाराणसी।** शिवपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर में एक गंभीर घटना घटित हुई, जब बच्चों को स्कूल से घर छोड़ने जा रही स्कूली बस पर जर्जर हाईटेंशन बिजली के तार का पोल गिर गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने तुरंत बच्चों को सुरक्षित बस से बाहर निकालकर उन्हें घर रवाना किया। बिजली विभाग की लापरवाही के कारण एक बड़ा हादसा टल गया, जिससे विभाग की गंभीर नाकामी उजागर हुई है।






### बनारस रेलवे स्टेशन का प्लेटफॉर्म नंबर-8 बना झरना

**वाराणसी:** बनारस स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर आठ पर सोमवार को एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। इस वीडियो में प्लेटफॉर्म पर लगे पंखों के पास से बारिश का पानी तेज़ी से गिरता हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो प्लेटफॉर्म पर झरना बह रहा हो। इस दृश्य को देखकर एक व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर साझा कर दिया, जिसके बाद रेलवे की व्यवस्थाओं पर सवाल उठने लगे।

### टूटी गलियां बनी श्रद्धालुओं के लिए बड़ी मुसीबत

वाराणसी। अगस्त्यकुंड, धर्मकूप, त्रिपुरा भैरवी मंदिर और बंगाली टोला क्षेत्र में सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। कई स्थानों पर सीवर के ढक्कन टूटे पड़े हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन्हीं रास्तों से प्रतिदिन श्रद्धालु और बाबा विश्वनाथ की आरती का डोला गुजरता है, लेकिन लंबे समय से मरम्मत नहीं कराई गई। वाराही देवी और विशालाक्षी मंदिर में दर्शन के लिए सुबह से लंबी कतारें लगती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि भीड़ के कारण बच्चों को स्कूल छोड़ने और घर से निकलने तक में परेशानी होती है।

## शहर में योगी के समर्थन में लगे पोस्टर

### तीन बार चाय वाले, 27 में गाय वाले




● विस चुनाव में आदित्यनाथ को सीएम चेहरा बनाये जाने का संकेत!

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में अभी समय है, लेकिन राजनीतिक हलचल ने अभी से रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन से पहले शहर के कई प्रमुख स्थानों पर लगाए गए बड़े-बड़े होर्डिंग और पोस्टर चर्चा का विषय बने हुए हैं। इन पोस्टरों पर लिखा गया है '3 बार चाय वाले, 27 में गाय वाले', जिसे आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भाजपा का चेहरा बनाए जाने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। इन पोस्टरों को भाजपा कार्यकर्ता दीपक सिंह राजवीर की ओर से जारी किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काशी आगमन पर उनका स्वागत करते हुए कहा कि यह पोस्टर केवल स्वागत नहीं, बल्कि 2027 के चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं के संकल्प का प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी के काशी आगमन पर मैंने विशेष पोस्टर जारी कर उनका अभिनंदन किया किया गया है।

## विदिशा की कार्यशाला में महिलाओं ने सीखे मेकअप और ग्रूमिंग के गुर



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, विदिशा शाखा द्वारा महिला सशक्तीकरण के अंतर्गत बनारस क्लब में एक विशेष मेकअप एवं ग्रूमिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुगलसराय की मेकअप आर्टिस्ट अवनिका ने सदस्याओं को दैनिक एवं विशेष अवसरों के अनुरूप मेकअप करने की आधुनिक तकनीकों, त्वचा की देखभाल, सही कॉस्मेटिक उत्पादों के चयन तथा सौंदर्य को प्राकृतिक रूप से निखारने के प्रभावी उपायों की जानकारी दी। कार्यशाला के उपरांत हाउजी एवं विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्षा सरोज तुलस्यान, सचिव प्रीति बाजोरिया, कोषाध्यक्ष चंदन खेमका, मधु तुलस्यान, श्वेता केडिया, सुजाता बाजोरिया, नैना, मीना गोयल आदि उपस्थित रहीं।

### यादव बंधुओं ने ललिता घाट से जल भरने की अनुमति मांगी

**वाराणसी।** सावन के पहले सोमवार को यादव बंधु श्रीकाशी विश्वनाथ का जलाभिषेक करेंगे। बैठकर कर जलाभिषेक के दौरान होने वाली समस्याओं पर चर्चा की और प्रशासन से इस परंपरा को कायम रखने के लिए मुकम्मल व्यवस्थाएं करने की मांग की। उन्होंने इस बार महामृत्युंजय महादेव में जलाभिषेक के लिए ललिता घाट से जल भरने के लिए जिला प्रशासन से मांग की। यादव बंधुओं का कहना है कि अब तक ललिता घाट से ही जल भरने की परंपरा थी लेकिन पिछले दो साल से विकास कार्य के चलते प्रशासन ने इस पर रोक लगा रखी है। वे श्रीकाशी विश्वनाथ सहित नौ शिवालयों व देवालयों में जलाभिषेक करेंगे। चंद्रवंशी गोप सेवा समिति की अहिल्याबाई घाट स्थित समिति के अनिल यादव के प्रतिष्ठान में हुई बैठक में पदाधिकारियों व सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ललिता घाट पर विकास कार्य पूरा हो गया है। इसलिए इस बार जल वहीं से भर कर महामृत्युंजय महादेव जाने की अनुमति दी जाए। उन्होंने जलाभिषेक के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, खराब सड़कों को ठीक कराने, साफ-सफाई, बिजली के जर्जर तारों को बदलने आदि की मांग की।

### बनारस को जल्द मिलेगी स्लीपर वंदे भारत ट्रेन

**वाराणसी।** बनारस से जालंधर के बीच जल्द वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का संचालन शुरू हो सकता है। यह ट्रेन हफ्ते में सातों दिन चलेगी और रेलवे ने इसके लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। ट्रैफिक दबाव को देखते हुए ट्रेन को दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के रास्ते चलाने पर विचार किया जा रहा है। इससे दिल्ली जाने वाले यात्रियों को भी सीधा लाभ मिलेगा। हालांकि, ट्रेन के संचालन की तिथि और अंतिम रूट को लेकर अभी निर्णय नहीं हुआ है। रेलवे के संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां पूरी रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में मंडलायुक्त एस. राजलिंगम और बनारस रेल मंडल के डीआरएम आशीष जैन अपनी टीम के साथ बनारस रेलवे स्टेशन पहुंचे और कई घंटे तक निरीक्षण किया।

## कैथी की आशा लाईब्रेरी में दो दिवसीय समर कैंप का समापन




● शिविर में दी गयी विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट द्वारा ग्राम भंदहा कला कैथी में संचालित आशा लाईब्रेरी में 2 दिवसीय समर कैंप का सोमवार को समापन हुआ, इस कैंप में अध्ययन केंद्र की 40 छात्राएं शामिल रहीं। इस दौरान इन छात्राओं ने रचनात्मक गतिविधियों के विभिन्न सत्रों में कविता, कहानी, कठपुतली, चित्र कला, पोस्टर, स्लोगन बनाना सीखा, गुलदस्ता आदि बनाना सीखा। कैंप के दौरान आयोजित परिचर्चा में वरिष्ठ गांधीवादी चिंतक और इतिहासकार डॉ. मोहम्मद आरिफ ने शिरकत की। संस्था के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। आयोजन में दीन दयाल सिंह, सौरभ चन्द्र, प्रदीप सिंह, ब्रिजेश कुमार, मीनाक्षी दुबे, अमित कुमार, मिथिलेश दुबे, डॉ इंदु पाण्डेय, वैभव पाण्डेय आदि शामिल रहे।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर आयुष मंत्री ने दी पुष्पांजलि



● राष्ट्र की सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा का लिया संकल्प

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर सोमवार को सिगरा स्थित अपने कैंप कार्यालय पर उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर डॉ. दयालु ने कहा, 'देश की एकता एवं अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान राष्ट्रवादी चि-ंतक और दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने 'एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे' का नारा देकर राष्ट्र की अखंडता को सर्वोपरि रखा। उनका जीवन त्याग, तपस्या और देशभक्ति का अनुपम उदाहरण है।' राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए डॉ. मुखर्जी का संघर्ष और विचार सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।


जनमुख
परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.

फोन : 0542-2500324 9336929544

Email : janmukh.vns@gmail.com


## सम्मानित किए गए डाक्टर्स और चार्टर्ड एकाउण्टेंट्स

● रोटरी क्लब सेंट्रल ने किया समारोह का आयोजन




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल द्वारा शनिवार को होटल मधुवन पैलेस, बी.एल.डब्ल्यू. में 'Health & Wealth – Salutes Our Heroes' विषय पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का उत्कृष्ट व्यावसायिक योगदान, सामाजिक सरोकारों तथा राष्ट्र निर्माण में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. डॉ. के. के. त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉक्टर मानव जीवन की रक्षा और सेवा का दायित्व निभाते हैं, जबकि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स देश की आर्थिक व्यवस्था में पारदर्शिता, अनुशासन एवं विश्वास को मजबूत करते हैं। क्लब की अध्यक्ष डॉ. रितु गर्ग ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल सदैव समाज के प्रेरणादायी व्यक्तित्वों का सम्मान करता आया है। डॉक्टर एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अपने-अपने क्षेत्र में न केवल उत्कृष्ट सेवाएँ दे रहे हैं, बल्कि रोटरी की विभिन्न सेवा परियोजनाओं में भी सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं। उनका समर्पण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी डॉक्टरों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को स्मृति-चिह्न एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ए. के. गुप्ता एवं सुभाष चंद्र बागला, सचिव ललित गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष सीए रवि सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### दुकानदार को सफाईकर्मियों ने पीटकर किया घायल

**वाराणासी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के बी 20/30 निवासी प्रह्लाद कुमार गुप्ता ने नगर निगम की कूड़ा गाड़ी में कूड़ा डालने के दौरान सफाईकर्मी, सुपरवाइजर समेत चार व्यक्तियों के खिलाफ मारपीट कर घायल करने का मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में स्थानीय लोगों की ओर से भी शिकायतें मिली हैं। प्रह्लाद ने आरोप लगाया है कि वे रात लगभग साढ़े 8 से 9 बजे के बीच अपनी दुकान की सफाई कर रहे थे और निकला कूड़ा नगर निगम की गाड़ी में डाल रहे थे, तभी सफाई कर्मी ने गाली-गलौज करते हुए पैसे की मांग की। इस बाबत स्थानीय कारोबारियों में भी रोष बना हुआ है। मारपीट करने वाले सफाईकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गयी है।

## फूड बैंक ने लिया जरूरतमंदों को भोजन देने का संकल्प



● चेतगंज में निःशुल्क सेवा शुरू

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** फूड बैंक वाराणसी की ओर से सोमवार को चेतगंज स्थित सेल टैक्स कार्यालय के मुख्य द्वार के पास निःशुल्क भोजन वितरण सेवा का शुभारंभ किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि फूड बैंक का उद्देश्य कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति भूखा न रहे। इसी संकल्प के साथ नियमित रूप से भोजन वितरण अभियान संचालित किया जाएगा अभी तक यह फूड बैंक सहारनपुर में संचालित थी वाराणसी में यह दूसरी शाखा का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर शहर दक्षिणी के विधायक नीलकंठ तिवारी, मेयर अशोक कुमार तिवारी, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरी, दीपक सेठ,सोनू यादव, एडवोकेट शरद त्रिपाठी, नागेश्वर राय, चंद्रेश सिंह,सुयश अग्रवाल, सहित राज्य कर विभाग के समस्त अधिकारी, अधिवक्ता एवं संस्था के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सोनभद्र समाचार

### मछली मारने गए युवक का रिहंद जलाशय में मिला शव



**बीजपुर।** थाना क्षेत्र के सिरसोती गांव निवासी कामेश्वर सिंह (24) का शव सोमवार देर शाम रिहंद जलाशय में मिला। वह रविवार शाम साथियों के साथ मछली पकड़ने गया था और इसके बाद से लापता था। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सिरसोती निवासी कामेश्वर सिंह गोंड रविवार शाम अपने कुछ साथियों के साथ रिहंद जलाशय में मछली पकड़ने गया था। श्मशान घाट के पास वह साथियों से कुछ दूरी पर पानी में उतर गया। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर साथियों ने उसकी तलाश की और आवाज लगाई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पहले साथियों को लगा कि वह घर लौट गया होगा, लेकिन घर नहीं पहुंचने पर परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी खोजबीन शुरू की। सोमवार को भी युवक का पता नहीं चलने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय स्तर पर तलाश कराई। बाद में सिंगरौली (बैढ़न) से गोताखोर और मिर्जापुर से एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। देर शाम गोताखोरों ने जलाशय से युवक का शव बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एनटीपीसी रिहंद स्थित धनवंतरि चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवा दिया है। मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला डूबने से मौत का प्रतीत हो रहा है।

## मऊ समाचार

### पंखे में उतरा करेंट, किसान की मौत

**मऊ।** सरायलखंसी थाना क्षेत्र के सरवां गांव में सोमवार सुबह आठ बजे करेंट लगने से किसान प्रदीप तिवारी (36) की मौत हो गई।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रदीप तिवारी खेती करके परिवार का भरण-पोषण करते थे। सोमवार सुबह धान की रोपाई हो रही थी। वे वहां जाने की तैयारी कर रहे थे और बरामदे में रखा पंखा दूसरी तरफ रखने के लिए उठाया। इसी दौरान पंखे में उतरे करेंट की चपेट में आकर वे वहीं गिर पड़े।

परिजन और ग्रामीण उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रदीप तिवारी अपने पीछे पत्नी सुधा तिवारी, तीन बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं।

## सुल्तानपुर समाचार

### जीप-बस की भिड़ंत में एक की मौत, नौ घायल



**सेमरी बाजार।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर जयसिंहपुर के चांदपुर अंडरपास के पास रविवार रात जीप व डबल डेकर बस की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में जीप में सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि नौ लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से बिरसिंहपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक दुर्घटना रविवार रात करीब 10 बजे हुई। जीप में सवार दोस्तपुर के करनाईपुर रघुवंशी निवासी गुंजन (35), अखिलेश जायसवाल (55), राजकुमारी (60), सुनीता (21), कंचन (32), धसी (38), अरनो जायसवाल (04), रानी (12), बेबी (06) व जीप चालक बरौंसा निवासी अकील (42) घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से बिरसिंहपुर अस्पताल पहुंचाया गया। राजकुमारी, अखिलेश व चालक अकील को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां से राजकुमारी को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ भेज दिया गया, जहां देर शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बिरसिंहपुर अस्पताल में भर्ती घायलों ने बताया कि वे सभी जीप से अयोध्या के राम मंदिर में दर्शन करके पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के लिंक रोड से लौट रहे थे। घटनास्थल पहुंची पुलिस ने क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त जीप व बस को हटवाकर सेमरी बाजार चौकी परिसर में खड़ा कराया। बस में बैठे यात्री दूसरे बस से गंतव्य को रवाना हो गए। उप निरीक्षक सुबोध त्यागी ने बताया कि तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## भदोही समाचार

### बच्चों को किया तैयार, फिर कमरे में फंदा लगाकर विवाहिता ने दी जान

**जंगीगंज।** कोईरौना थाना क्षेत्र के इनारगांव में विवाहिता ने फंदे पर झूलकर जान दे दी। सुबह बच्चों को स्कूल जाने के लिए तैयार करने के बाद ऊपर के कमरे में गई। काफी देर तक न लौटने पर परिजनों को शक हुआ तो ऊपर पहुंचे। जहां वह फंदे पर लटकी थी। महिला ने किन परिस्थितियों में आत्महत्या की। इसको लेकर परिजन भी हैरान थे। इनारगांव निवासी संजय गुप्ता ने बताया कि उनकी पत्नी प्रीति गुप्ता (28) सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे अपने बच्चों को स्कूल भेजने की तैयारी कर रही थीं। बताया कि बच्चों को तैयार करने के बाद वह घर के ऊपरी कमरे में चली गईं। काफी देर तक नीचे नहीं आने पर जब वह उन्हें बुलाने ऊपर पहुंचे तो कमरे का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए।

## चंदौली समाचार

### स्कूल बस व बाइक की भीषण टक्कर, मजदूर की मौत



**चंदौली।** धानापुर थाना क्षेत्र के चहनिया रोड स्थित हिंगुटरगढ़ बनवा के पास सोमवार दोपहर स्कूल बस और बाइक की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में 40 वर्षीय मजदूर धनंजय की मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि बाइक सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद बस चालक वाहन लेकर फरार हो गया, जबकि सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। कुछ देर तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। सूचना पर पहुंची पुलिस ने यातायात सामान्य कराया, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार नरौली गांव निवासी धनंजय निषाद (40) सोमवार को बाइक से चहनिया की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह हिंगुटरगढ़ बनवा के समीप पहुंचे, सामने से आ रही एक स्कूल बस से उनकी आमने-सामने की टक्कर हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि धनंजय सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोग उनकी ओर दौड़े, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। भीड़ बढ़ने से कुछ समय के लिए धानापुर-चहनिया मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर धानापुर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## देवरिया समाचार

### ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल

**बरियारपुर।** थाना क्षेत्र के भीखमपुर रोड पर लाहिलपार गांव के पास सोमवार को सड़क हादसे में बाइक सवार 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज देवरिया में भर्ती कराया। हादसे के बाद चालक ट्रेलर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रेलर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, तरकुलवा थाना क्षेत्र के गुद्दीजोर गांव निवासी सोनू प्रसाद गांव के अनूप प्रसाद के साथ बाइक से देवरिया जा रहे थे। लाहिल पार गांव के पास सोनूघाट की ओर जा रहे ट्रेलर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि सोनू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि अनूप घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए।

## मीरजापुर समाचार

### जिलाधिकारी ने बी0 पैक्स में पैक्स कम्प्यूटराइजेंशन एवं संचारी रोग अभियान व दस्तक अभियान के प्रगति की बैठक कर की समीक्षा



**मीरजापुर।** सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार के स्थापना के 05 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत कम्पोजिट डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलपमेन्ट कमेटी तथा जिला स्तरीय कार्यान्वयन एव अनुश्रवण समिति की जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गई। बैठक में जनपद स्तर पर बी०—पैक्स में संचालित कम्प्यूटराईजेशन योजना, उन्नयन योजना, वृहद अन्नभण्डारण योजना, सोलराईजेशन योजना तथा मरम्मत भण्डारण योजना पर विस्तृत चर्चा की गयी एवं आवश्यक दिशा—निर्देश दिये गये।

तत्पश्चात जिलाधिकारी संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की बैठक कर बिन्दुवार विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने साफ—सफाई, फॉगिंग, एंटी—लार्वा छिड़काव, पेयजल की गुणवत्ता, जनजागरूकता गतिविधियों, रोगियों की पहचान, उपचार व्यवस्था तथा विभागों के बीच समन्वय की स्थिति का मूल्यांकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित कराने का निर्देश दिया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ कीर्ति कुमार मिश्र, अमित कुमार पाण्डेय, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता, मीरजापुर, राजकुमार यादव, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जिला सहकारी बैंक लि०, शान सिंह, डी०डी०एम० नाबार्ड सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित थे।

## आजमगढ़ समाचार

### गलत इलाज से महिला की मौत के मामले में डॉक्टर और कंपाउंडर गिरफ्तार

**आजमगढ़।** गलत उपचार और कथित रूप से गलत इंजेक्शन लगाने के कारण महिला की हुई मौत के मामले में दीदारगंज पुलिस ने आरोपी डॉ. अशोक कुमार मौर्या और कंपाउंडर नीरज कुमार प्रजापति को पल्थी बाजार शाहगंज रोड तिराहे से गिरफ्तार किया है। दीदारगंज थाना प्रभारी जयप्रकाश ने बताया कि चार जुलाई को सदरपुर गांव निवासी मृतका नीलम देवी के पति जैसलाल ने दीदारगंज थाने में तहरीर देकर बताया था कि तीन जुलाई को उनकी पत्नी की तबीयत खराब होने पर उन्हें गांव के एक चिकित्सक के पास ले गया। डॉक्टर ने अपने कंपाउंडर को दवा और इंजेक्शन देकर घर भेजा, जहां इंजेक्शन लगाने के कुछ ही देर बाद महिला की हालत गंभीर हो गई। परिजन उपचार के लिए शाहगंज (जौनपुर) ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही महिला की मौत हो गई।

## गाजीपुर समाचार

### विनीता ने रोटरी क्लब और डॉ. नमिषा ने इनरव्हील के अध्यक्ष पद की ली शपथ




**गाजीपुर।** शहर के बंशीबाजार स्थित एक होटल में रोटरी क्लब का 72वां तथा इनरव्हील क्लब का 35वां संयुक्त पदग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा की सांसद डॉ. संगीता बलवंत ने विनीता सिंह को रोटरी क्लब तथा डॉ. नमिषा जायसवाल को इनरव्हील क्लब के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। वर्ष 2025-26 में बेहतरीन सहयोग के लिए कई सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विनीता सिंह, डॉ. उमेशचंद्र राय, अरविंद कुमार शर्मा, सैयद जीशान जिया, असित सेठ, विनय कुमार सिंह, सीपी चौबे, विनीत चौहान, संजय राय, डॉ. सानंद सिंह, संजर नासिर, राजेश प्रसाद, डॉ. सानंद सिंह और डायरेक्टर क्लब सर्विस संजीव कुमार सिंह को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष विनीता सिंह तथा सचिव सुमन सर्राफ को रोटरी कॉलर पहनाकर एवं मुख्य अतिथि के हाथों रोटरी इंटरनेशनल का चार्टर सौंपकर आधिकारिक रूप से अध्यक्ष तथा सचिव का उत्तरदायित्व सौंपा गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष विनीता सिंह ने कहा कि रोटरी क्लब गाजीपुर के 72 वर्षो के इतिहास में महिला अध्यक्ष बनने पर उन्हें गर्व है। उन्होंने मुख्य अतिथि डॉ. संगीता बलवंत सहित उनके पति डॉ. अवधेश कुमार को रोटरी पिन पहनाकर मानद सदस्य के तौर पर क्लब में शामिल किया। इसके अतिरिक्त भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक जीके सिंह, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया के क्षेत्रीय महाप्रबंधक विनय शंकर, व्यवसायी अरविंद सिंह, दामिनी सिंह तथा डॉ. शिवम् राय को रोटरी पिन पहनाकर क्लब की सदस्यता प्रदान की गई।

## बलिया समाचार

### संकरी सड़क पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से मासूम की मौत

**रतसर।** गड़वार थाना क्षेत्र के अरईपुर गांव में सोमवार को हुए सड़क हादसे में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक वर्षीय मासूम की मौत हो गई। गड़वार थाना क्षेत्र के कोरड़ा गांव निवासी दिलीप चौहान अपनी पत्नी और एक वर्षीय पुत्र दिव्यांशु के साथ सोमवार को ससुराल से बाइक से अपने घर लौट रहे थे। अरईपुर गांव स्थित काली मंदिर के समीप संकरी सड़क पर सामने से आ रहे ट्रैक्टर से क्रॉसिंग के दौरान उनकी बाइक असंतुलित हो गई। इससे पति-पत्नी सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे, जबकि उनकी गोद में बैठा एक वर्षीय दिव्यांशु सड़क पर गिर पड़ा और ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल दिव्यांशु को परिजन तत्काल जिला अस्पताल लेकर रवाना हुए, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## जौनपुर समाचार

### गोद में नहर पार कर स्कूल जाने का वीडियो वायरल




**मछलीशहर।** क्षेत्र के कोठारी गांव में अरसी नहर को पानी पार कर स्कूल जाने को मजबूर विद्यार्थियों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विकास कार्यों पर सवाल उठने लगे हैं। वीडियो में एक व्यक्ति छात्रा को गोद में उठाकर नदी पार कराते हुए दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल जाने वाले मार्ग पर पुलिया न होने से बच्चों सहित ग्रामीणों को नहर के पानी से होकर गुजरना पड़ता है। ग्राम प्रधान संजय यादव ने बताया कि करीब डेढ़ किलोमीटर के दायरे में दो पुलिया पहले से बनी हैं, जबकि वायरल वीडियो वाले स्थान से एक पुलिया लगभग 400 मीटर दूर है। दोनों पुलों के बीच ग्रामीणों ने लकड़ी का अस्थायी पुल बनाया था, जो क्षतिग्रस्त हो गया है।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण लंबे समय से बीच में एक और पुलिया बनाने की मांग कर रहे हैं। सिंचाई विभाग ने निरीक्षण भी किया था, लेकिन दोनों पुलिया पास होने का हवाला देकर प्रस्ताव पर कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से पुलिया निर्माण की मांग दोहराई है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिवदेवी पुत्री स्व. छोटेलाल पत्नी दूधनाथ निवासी ग्राम व पोस्ट दलापट्टी थाना चिल्ह जिला-मीरजापुर का निवासी है। प्रार्थिनी शिवदेवी भा0जि0बी0निगम मीरजापुर से बीमा कराया है जिसका पालिसी नं0 284584401 है। लेकिन बाद में मेरा नाम धुनिया हो गया। आधार, बैंक व पैन में मेरा नाम धुनिया है। शिवदेवी व धुनिया दोनों नाम मेरा ही है।

**सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम संजय सिंह उर्फ दिनेश सिंह है। ये दोनों नाम हम प्रार्थी के ही है मेरा नाम व पता संजय सिंह उर्फ दिनेश सिंह पुत्र स्व. मुन्नीलाल निवासी मोहल्ला मालवीय नगर (मकरी खोह), थाना को0 कटरा, तहसील सदर जिला मीरजापुर उ0प्र0 है। मेरी जन्मतिथि 01.01.1972 तथा मो0-9125236783 है।

## प्रयागराज समाचार

### सुशील मौत मामले में नामजद विधायक के तीनों फोन बंद, लखनऊ में होने की आशंका



**हंडिया (प्रयागराज)।** हंडिया थाना क्षेत्र के बनपुरवा-सरायपीथा गांव में 22 दिन के भीतर दो सगे भाइयों की मौत के मामले में पुलिस अब बड़े भाई सुशील कुमार की मौत को आत्महत्या मानकर जांच आगे बढ़ा रही है। हालांकि, नामजद हंडिया विधायक हाकिमलाल बिंद अब भी पुलिस की पहुंच से बाहर हैं। सूत्रों के अनुसार, विधायक के तीनों मोबाइल फोन बंद मिल रहे हैं। उनके लखनऊ में होने की आशंका जताई जा रही है। दावा किया गया कि वह मामले को लेकर किसी मंत्री से मुलाकात का प्रयास कर सकते हैं। उधर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फंदे से मौत की पुष्टि हुई है और शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस का कहना है कि यदि हत्या में संलिप्तता के पर्याप्त साक्ष्य मिलते हैं तो हाकिमलाल बिंद की नियमानुसार गिरफ्तारी की जाएगी। मामले के अन्य नामजद आरोपी फरार हैं। शनिवार देर रात और रविवार सुबह पुलिस ने कुछ आरोपियों के करीबियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। वहीं, किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पीड़ित परिवार के घर पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। 11 जून को छोटे भाई संतोष कुमार की मौत पर उसकी पत्नी व साला के अलावा कई लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें से साला लल्लन व पत्नी गौरी को गिरफ्तार कर पुलिस शनिवार को ही न्यायालय भेज चुकी है। जबकि तीन जुलाई को हंडिया विधायक हाकिम लाल बिंद, गौरी, गायिका सुमित्रा नंदिनी, उसके भाई व गौरी के जीजा के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी।

## गोरखपुर समाचार

### अब AI बताएगा किस रेलवे क्रॉसिंग पर सबसे ज्यादा ट्रैफिक, तब बनेगा अंडरपास या ओवरब्रिज



**गोरखपुर।** रेलवे क्रॉसिंग से गुजरने वाले वाहनों की गणना रेलकर्मियों के बजाय अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) कैमरों से की जाएगी। इससे रेलवे को दो पहिया और चार पहिया वाहनों के गुजरने की सटीक जानकारी हो सकेगी। रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रैफिक की रिपोर्ट के बाद तय किया जाएगा कि वहां अंडरपास बनेगा या ओवरब्रिज। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के 21 रेलवे क्रॉसिंग को चुना गया है। रेलवे में अभी हर तीन साल पर मैनुअल तरीके से रेलवे क्रॉसिंग पर वाहनों की आवाजाही की गणना की जाती है। इसके लिए रेलवे क्रॉसिंग पर 24 घंटे के लिए आठ-आठ घंटे की शिफ्ट पर एक-एक रेलकर्मी की ड्यूटी लगती है, जो सात दिनों तक दो पहिया, चार पहिया और इससे भारी वाहनों की गणना करते हैं। रेलवे का मानना है कि यह तरीका सटीक नहीं है और सीमित अवधि के कारण वास्तविक ट्रैफिक का सही आकलन नहीं हो पाता। इसे देखते हुए अब रेल प्रशासन ने रेलवे क्रॉसिंग पर एआई बेस्ड कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। इससे गुजरने वाले सभी वाहनों की सटीक जानकारी मिल सकेगी।

नई व्यवस्था में एआई आधारित कैमरे वाहनों की आवाजाही का रिकॉर्ड तैयार करेंगे। इससे ट्रैफिक का अधिक विश्वसनीय विश्लेषण संभव होगा और आधारभूत ढांचा विकसित करने के फैसले ज्यादा सटीक होंगे। ट्रेन और सड़क के वाहनों की गणना ट्रेन व्हीकल यूनिट (टीयूवी) के आधार पर की जाती है। उदाहरण के लिए एक दिन में गुजरने वाली ट्रेनों की संख्या और उस रेलवे क्रॉसिंग से गुजरने वाले वाहनों की कुल संख्या की गणना होती है। सात दिनों के आंकड़ों का औसत निकाला जाता है। जब किसी व्यस्त रेलवे क्रॉसिंग पर टीवीयू एक लाख से अधिक हो जाता है, तब रेलवे और संबंधित राज्य सरकार 50-50 प्रतिशत की लागत के आधार पर अंडरपास या ओवरब्रिज का प्रस्ताव तैयार कर सकती है। जिस रेलवे क्रॉसिंग पर संख्या पांच लाख हो जाती है उसे प्राथमिकता दी जाती है। रेल प्रशासन ने लखनऊ मंडल के अधिकारियों से 21 रेलवे क्रॉसिंग की सूची मांगी है जहां एआई बेस्ड कैमरे लगाए जाएंगे। जिन रेलवे क्रॉसिंग पर वाहनों की गणना की जांच किए तीन साल पूरे होने वाले हैं उन्हीं में से चयन किया जाएगा।

**सम्मन**

सम्मन वास्ते करारदाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) जौनपुर।
वाद सं0-853/2025
लालचन्द्र-बनाम-शशिकला
1.शशिकला पत्नी रामचन्दर 2.रामचन्दर पुत्र रामजीलाल 3.प्रतिमा गुप्ता पत्नी विनोद कुमार गुप्ता सा0मो0 भण्डरिया टोला कस्बा मड़ियाहूँ पर0 व तह0 मड़ियाहूँ पो0 मड़ियाहूँ जिला जौनपुर।
**ता0पेशी-24.08.2026**
**जवाबदेही व तनकीह**
हरगाह ने आपके नाम एक नालिश बावतके दायरकी है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24.08.2026 जवाबदेही व तनकीह बवक्त बजे अदालत या मारफत अपने वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिब हो और कुल उमूरात अहम मुतलिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शक्स जवाब ऐसे सवालात का देने को हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करे और दरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिए मुकर्रर है के बावत इनफिसाल कतई मुकदमा तजवीज हुई है और आपको लाजिम है कि आप उसी रोज जुमला दस्तावेज की जिनकी आप अपनी जवाबदेही के साथ इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मुकर्रर आप और हाजिरी आपके मजयून और फैसला,बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज दिनांक माह सन 2026ई0 को जारी किया गया।
**आज्ञा से- सिविल जज (सी0डि0) जौनपुर।**


## लाइफ मंत्र

# 88 हजार ब्राह्मणों को भोजन करवाने के समान फल देता है योगिनी एकादशी व्रत, पढ़ें पौराणिक कथा

हिंदू धर्म में एकादशी व्रत को सभी व्रतों में उत्तम माना गया है लेकिन आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की योगिनी एकादशी का महत्व विशेष है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन व्रत रखने से न केवल व्यक्ति के समस्त पापों का नाश होता है, बल्कि उसे जीवन में सुख, समृद्धि और अद्भुत मानसिक शांति की प्राप्ति होती है।

**योगिनी एकादशी 2026: तिथि और शुभ मुहूर्त**

साल 2026 में योगिनी एकादशी का व्रत शुक्रवार, 10 जुलाई को रखा जाएगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, एकादशी तिथि की शुरुआत 10 जुलाई को सुबह 08:16 बजे होगी और इसका समापन अगले दिन 11 जुलाई को सुबह 05:22 बजे होगा। उदया तिथि की मान्यता के कारण 10 जुलाई को ही व्रत रखना शास्त्र सम्मत है।



**पारण का समय:** व्रत खोलने यानी पारण का शुभ समय 11 जुलाई 2026 को दोपहर 01:50 बजे से शाम 04:36 बजे तक रहेगा। सनातन पंचांग के अनुसार आषाढ़ मास की कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को योगिनी एकादशी का व्रत आता है। जो 88 हजार ब्राह्मणों को भोजन कराने के समान पुण्य प्रदान करता है। जिस कामना से कोई भक्त संकल्प करके योगिनी एकादशी का व्रत करता है, उसकी वह कामना जहां बहुत जल्दी पूरी हो जाती है, वहीं जीव के सभी पापों एवं विभिन्न प्रकार के पातकों से भी छुटकारा मिलता है। किसी के दिए श्राप से मुक्ति पाने के लिए यह व्रत कल्पतरू के समान है। व्रत के प्रभाव से हर प्रकार के चर्म रोगों की निवृत्ति हो जाती है। एकादशी व्रत में रात्रि जागरण की अत्यधिक महिमा है। स्कंदपुराण के अनुसार जो लोग रात्रि जागरण करते समय वैष्णव शास्त्र का पाठ करते हैं, उनके करोड़ों जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं।

**योगिनी एकादशी व्रत कथा 2026:** स्त्रोतों और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, स्वर्गलोक की अलकापुरी नगरी में यक्षों का राजा कुबेर रहता था, जो भगवान शिव का परम भक्त था। उसकी सेवा में हेम नामक एक माली था, जिसका कार्य प्रतिदिन मानसरोवर से फूल लाकर राजा को देना था। एक बार हेम माली अपनी पत्नी विशालाक्षी के प्रेम में इतना मग्न हो गया कि वह समय पर फूल लाना भूल गया। जब कुबेर को इस लापरवाही का पता चला, तो उसने क्रोधित होकर हेम माली को स्त्री वियोग और मृत्युलोक में कोढ़ी होने का श्राप दे दिया। श्राप के प्रभाव से हेम माली पृथ्वी पर गिर पड़ा और भयंकर कुष्ठ रोग से ग्रसित हो गया।

**मार्कंडेय ऋषि ने बताया मुक्ति का मार्ग**

भटकते हुए हेम माली महर्षि मार्कंडेय के आश्रम पहुंचा और अपनी व्यथा सुनाई। ऋषि ने उसे दया भाव से आषाढ़ मास की योगिनी एकादशी का व्रत पूरे विधि-विधान से करने की सलाह दी। हेम माली ने पूरी श्रद्धा से यह व्रत किया, जिसके प्रताप से वह कुष्ठ रोग से मुक्त होकर पुनः अपने दिव्य स्वरूप में लौट आया।

**88 हजार ब्राह्मणों के भोजन समान फल**

स्त्रोतों के अनुसार, योगिनी एकादशी का व्रत करने वाले को 88 हजार ब्राह्मणों को भोजन कराने के बराबर पुण्य मिलता है। यह व्रत न केवल चर्म रोगों से मुक्ति दिलाता है, बल्कि व्यक्ति की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करता है और पारिवारिक सुख में वृद्धि करता है।

## लैपटॉप की स्पीड चाहिए रॉकेट जैसी? बदल दें ये 3 पावर सेटिंग्स



लैपटॉप को इस तरह डिजाइन किया जाता है कि वे परफॉर्मेंस और बैटरी लाइफ के बीच संतुलन बनाए रखें। यही वजह है कि सिस्टम कई बार बिजली बचाने के लिए अपने आप प्रोसेसर की स्पीड कम कर देता है। नतीजतन, लैपटॉप सुस्त महसूस होने लगता है और ऐप्स खुलने में ज्यादा समय लगने लगता है। जब भी लैपटॉप अचानक धीमा होने लगता है, तो ज्यादातर लोग इसकी वजह कम रैम, पुराना प्रोसेसर या स्टोरेज की समस्या को मानते हैं। कई बार लोग नया लैपटॉप खरीदने या हार्डवेयर अपग्रेड करने तक का विचार बना लेते हैं। लेकिन असलियत यह है कि कई मामलों में लैपटॉप की धीमी स्पीड के पीछे बैटरी और पावर मैनेजमेंट सेटिंग्स भी जिम्मेदार होती हैं। आज के मॉडर्न लैपटॉप को इस तरह डिजाइन किया जाता है कि वे परफॉर्मेंस और बैटरी लाइफ के बीच संतुलन बनाए रखें। यही वजह है कि सिस्टम कई बार बिजली बचाने के लिए अपने आप प्रोसेसर की स्पीड कम कर देता है। नतीजतन, लैपटॉप सुस्त महसूस होने लगता है और ऐप्स खुलने में ज्यादा समय लगने लगता है।

**पावर सेविंग मोड क्यों बन जाता है परेशानी?**

**अधिकांश**

indows लैपटॉप डिफॉल्ट रूप से 'Balanced' पावर मोड पर सेट होते हैं। यह मोड सिस्टम के काम के हिसाब से प्रोसेसर की स्पीड बढ़ाता या घटाता रहता है। जब आप वीडियो एडिटिंग, गेमिंग या मल्टीटास्किंग जैसे भारी काम करते हैं, तब प्रोसेसर अपनी पूरी क्षमता पर काम करने की कोशिश करता है।

**इलेक्ट्रॉनिकसहायक सामग्री**

हालांकि, स्पीड को बार-बार एडजस्ट करने की इस प्रक्रिया में थोड़ा समय लगता है। ऐसे में लैपटॉप कभी-कभी धीमा और कम रिस्पॉन्सिव महसूस होने लगता है।

**बेस्ट परफॉर्मेंस मोड कर सकता है कमाल**

अगर आपका लैपटॉप अक्सर स्लो महसूस होता है, तो सबसे पहले पावर मोड की जांच करें। Windows की सेटिंग्स में जाकर 'Power & Battery' सेक्शन खोलें और 'Best Performance' विकल्प को चुनें। इस सेटिंग को एक्टिव करने के बाद सिस्टम प्रोसेसर को अधिक आक्रामक तरीके से इस्तेमाल करता है और जरूरत पड़ने पर तेजी से स्पीड बढ़ाता है। इससे एप्लिकेशन जल्दी खुलते हैं और मल्टीटास्किंग का अनुभव बेहतर हो सकता है।

**ज्यादा गर्मी भी घटा देती है लैपटॉप की स्पीड**

कई बार समस्या सिर्फ पावर सेटिंग्स तक सीमित नहीं होती। जब लैपटॉप लंबे समय तक भारी काम करता है, तो उसका तापमान बढ़ने लगता है। अधिक गर्मी से हार्डवेयर को सुरक्षित रखने के लिए सिस्टम अपनी स्पीड अपने-आप कम कर देता है। इस प्रक्रिया को थर्मल थ्रॉटलिंग कहा जाता है।

**शब्दकोश और विश्वकोश**

थर्मल थ्रॉटलिंग की वजह से प्रोसेसर की क्षमता घट जाती है और लैपटॉप पहले की तुलना में काफी धीमा महसूस होने लगता है।

**CPU की स्पीड थोड़ा कम करना भी हो सकता है फायदेमंद**

सुनने में यह अजीब लग सकता है कि प्रोसेसर की स्पीड कम करने से परफॉर्मेंस बेहतर हो सकती है, लेकिन कई पुराने लैपटॉप में यह ट्रिक प्रभावी साबित होती है। इसके लिए कंट्रोल पैनल में जाकर 'Power Options' खोलें और 'Advanced Power Settings' में प्रवेश करें। यहां 'Processor Power Management' सेक्शन में जाकर 'Maximum Processor State' को 99 प्रतिशत पर सेट किया जा सकता है।



# Nothing से लेकर Moto तक, इस हफ्ते लॉन्च होंगे ये Power Packed Smartphones!

**जुलाई के इस हफ्ते स्मार्टफोन बाजार में कई नए लॉन्च होने वाले हैं, जिसमें Nothing, Motorola और Infinix जैसे ब्रांड्स अपने नए डिवाइस पेश करेंगे। 6 से 12 जुलाई के बीच Nothing Phone (4b) और Moto G77 Power जैसे दमदार बैटरी वाले फोन भारत में लॉन्च होंगे, वहीं OPPO Reno 16 सीरीज की पहली सेल भी शुरू होगी।**

लंबे समय से आप भी नया स्मार्टफोन लेने की सोच रहे हैं, तो यह लेख आपके लिए है। जुलाई के इस हफ्ते में कई नए और दमदार स्मार्टफोन लॉन्च होने वाले हैं। अगर आप फोन लेने का प्लान बना रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए है। गौरतलब है कि इस हफ्ते लॉन्च होने वाले फोंस की लंबी लिस्ट नहीं है, लेकिन मिड-बजट और प्रीमियम सेग्मेंट के शौकीनों के लिए हफ्ता बेहद खास रहने वाला है। आपको बताते चलें कि, 6 जुलाई से लेकर 12 जुलाई तक Nothing और Motorola जैसी तमाम कंपनियां अपने नए फोन भारत में लॉन्च करने जा रही हैं। इस बीच, OPPO भी अपनी नई सीरीज की सेल शुरु कर सकता है। आइए आपको बताते हैं कौन-कौन फोन्स लॉन्च होने वाले हैं।

**Infinix Hot 70 Pro (ग्लोबल लॉन्च- 6 जुलाई)**

दरअसल, इनफिनिक्स अपनी हॉच सीरीज का नया स्मार्टफोन Infinix Hot 70 Pro 5G सबसे पहले केन्या में लॉन्च किया गया है। जिसके बाद यह भारतीय बाजारों में एंट्री मारेगा।

**डिस्प्ले:** इस फोन की 6.76-इंच की FHD+ डिस्प्ले है, जो कि 144Hz रिफ्रेश रेट के साथ आ रही है। इसका बैक पैनल पर एक यूनिक Dot Matrix Cube डिस्प्ले होगी।

**परफॉर्मेंस:** मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7100 प्रोसेसर दिया गया है।

**बैटरी:** इस फोन में 6000mAh की बड़ी बैटरी है, जो कि 45W फास्ट चार्जिंग के साथ आ रहा है।

**कैमरा:** असल में फोटो क्लिक करने के लिए इसका बैक कैमरा 50 मेगापिक्सल का Sony IMX882 डुअल कैमरा सेटअप है।

**खास फीचर:** यह फोन IP68 रेटिंग के साथ आ रहा है, जो कि धूल और पानी से सेफ रखेगा। वहीं, इसके साइड फ्रेम पर एक One-Tap AI FlashMemo बटन दिया है।

**Nothing Phone (4b) (इंडिया लॉन्च- 7 जुलाई)**

आपको बता दें कि, नथिंग कंपनी पहली बार अपने किसी फोन के नाम के साथ" टाइटल जोड़ने जा रही है। Nothing Phone 4b भारत में 7 जुलाई को पेश होगा।

**डिस्प्ले:** इस फोन में 6.7-इंच की Full HD+ एमोलेड स्क्रीन और 120Hz रिफ्रेश रेट।

**परफॉर्मेंस:** इसमें स्नैपड्रैगन 6 जेन 4 चिपसेट और 8GB रैम के साथ आ सकता है, जो Nothing OS पर कार्य करेगा।

**बैटरी:** इस फोन की बैटरी की बात करें, तो इसमें 6000mAH की दमदार बैटरी मिलने की उम्मीद है।

**कैमरा:** फोटोग्राफी के लिए पीछे 50MP का डुअल रियर कैमरा और सेल्फी के लिए 16MP का फ्रंट कैमरा मिल सकता है।

**Moto G77 Power (इंडिया लॉन्च- 8 जुलाई)**

इंडियन मार्केट में मोटोरोला बैटरी मॉन्सटर फोन पेश करने जा रहा है। जैसा कि नाम से साफ पता चल रहा है कि Moto G77 Power की सबसे बड़ी बैटरी लाइफ देगा।

**बैटरी:** बता दें कि, इस फोन की बैटरी 7000mAh की है। इसको चार्ज करने के लिए 30W TurboPower फास्ट चार्जिंग और दूसरे डिवाइसेज को चार्ज करने के लिए 6W रिवर्स चार्जिंग का सपोर्ट दिया गया है।

**परफॉर्मेंस:** इसमें मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6400 प्रोसेसर पर चलेगा। इंडिया में इसका टॉप वेरिएंट 8GB रैम और 128GB स्टोरेज के साथ आने वाला है।

**डिस्प्ले:** इस फोन की डिस्प्ले .72-इंच की Full HD+ है।

**कैमरा:** इसका बैक कैमरा 50MP का Sony LYT600 और फ्रंट कैमरा 32MP का है।

**OPPO Reno 16 Series (पहली सेल- 9 जुलाई)**

जिन लोगों को ओपो का फोन पसंद है, तो उनके लिए बड़ी खुशखबरी। दरअसल 9 जुलाई को इस फोन की सेल शुरु होने जा रही है। OPPO Reno 16 और Reno 16c पहली बार सेल के लिए तैयार है। सबसे खास बात तो यही है कि पहली सेल में कंपनी 10% का डिस्काउंट देगी।

## indow AC का शोर खत्म, खिड़की भी रहेगी खुली! जानें क्या है ये नया U-Shape Inverter AC



U-शेप AC, विंडो एयर कंडीशनर की एक एडवांस तकनीक है, जिसका खास डिजाइन पूरी खिड़की को ब्लॉक किए बिना बेहतर कूलिंग प्रदान करता है। इसका कंप्रेसर वाला हिस्सा खिड़की के बाहर होने के कारण यह स्प्लिट एसी की तरह शांत रहता है और बिजली की भी बचत करता है।

वैसे आपने ने खिड़की पर फिट होने वाली विंडो AC काफी देखीं होगी। लेकिन क्या आपने कभी U आकार वाले विंडो AC के बारे में सुना है? असल में आप विंडो एसी से एक कदम आगे की तकनीक समझ सकते हैं, जिसे न केवल खिड़की पर लगाना आसान होता है बल्कि कूलिंग भी बढ़िया देती है। लेकिन U शेप AC उन कई कमियों को पूरा करते हैं, जो कि साधारण विंडो AC में देखने को मिलती हैं।

U-शेप AC की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह पूरी खिड़की को नहीं ढकता, इसलिए खिड़की का इस्तेमाल पहले की तरह किया जा सकता है। इसका डिजाइन ऐसा होता है कि कंप्रेसर वाला हिस्सा खिड़की के बाहर रहता है, जिससे कमरे के अंदर शोर बहुत कम सुनाई देता है। वहीं, कमरे के अंदर सिर्फ ठंडी हवा देने वाली यूनिट रहती है। आसान शब्दों में कहें तो इसका डिजाइन विंडो ँण जैसा होता है, लेकिन इसकी तकनीक काफी हद तक स्लिप्ट AC की तरह काम करती है।

**HVAC और जलवायु नियंत्रण**

बता दें कि, यू शेप टेक्नोलॉजी का चलन अमेरिका जैसे देशों में ज्यादा देखने को मिल रहा है। वैसे भारत में इन्हें कई वेबसाइट्स पर इंपोर्ट कर बेचा जाता है।

**क्या है U शेप AC?**

- यू शेप AC, सामान्य विंडो AC का नया और बेहतर मॉडल माना जाता है। इसका डिजाइन अंग्रेजी के U अक्षर जैसा होता है, इसलिए इसे यू शेप AC कहा जाता है। इसका खास आकार इसे पारंपरिक विंडो AC से अलग बनाता है और इसी वजह से यह लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।
- सामान्य विंडो AC का डिजाइन एक बंद बॉक्स जैसा होता है, जिससे खिड़की लगभग पूरी तरह ढक जाती है। जबकि यू-शेप AC के बीच में U आकार की जगह बनी होती है, जो इसे दो अलग-अलग हिस्सों में बांट देती है। इसी खास डिजाइन की वजह से यह पारंपरिक विंडो AC से अलग नजर आता है।
- यू-शेप AC का खास डिजाइन इसे खिड़की के निचले हिस्से में आसानी से फिट होने की सुविधा देता है। इसे दिए गए स्क्रू और फिटिंग की मदद से मजबूती से लगाया जा सकता है। इसकी वजह से खिड़की का ऊपरी हिस्सा खुला रहता है, जिसे जरूरत के अनुसार आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है।

**दरवाज़े और खिड़कियां**

**साधारण एसी से कैसे सबसे बेहतर है यू शेप एसी?**

- दरअसल, U शेप एसी और किसी साधारण विंडो एसी में बड़ा फर्क है कि साधारण AC पूरी खिड़की को घेर लेती हैं और एसी लगने के बाद वह खिड़की किसी काम की नहीं रहती है। जबकि यू शेप एसी के बीच में गैप होता है, जिसकी वजह से यह खिड़की के निचले हिस्से पर टंगी रहती है और खिड़की के ऊपरी हिस्से के इस्तेमाल को नहीं रोकता है। गौरतलब है कि जब एसी की जरुरत न हो, तो खिड़की का इस्तेमाल ताजा हवा के लिए कर सकते हैं।
- इसका खास डिजाइन वाला एसी का वो हिस्सा जिसमें कंप्रेसर लगा होता है, फिटिंग के बाद खिड़की से बाहर रह जाता है। इसके बाद ही कंप्रेसर का शोर या वाइब्रेशन भी कमरे से बाहर रह जाते हैं और अंदर सिर्फ ठंडी हवा आती है।
- कुछ यू-शेप एसी एडवांस इनवर्टर कंप्रेसर तकनीक के साथ आता है, जो पुराने या साधारण फिक्स्ड-स्पीड विंडो एसी के मुकाबले बिजली की भारी बचत करते हैं।
- साधारण विंडो एसी रिमोट से कंट्रोल की जाती है, बल्कि यू शेप एसी वाई-फाई, मोबाइल ऐप और वॉयस असिस्टेंट से भी लैस होते हैं।

**भारत में उपलब्ध हैं U शेप AC?**

**एयरकंडिशनर**

ग्लोबल स्तर पर यू-शेप एसी की शुरुआत करने वाला ब्रैंड Midea था, जिसके U-शेप इनवर्टर एसी भारत में खरीदे जा सकते हैं। इन एसी को खासतौर पर क्रॉड बॉर्डर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर खरीदा जा सकता है। मतलब है कि वे प्लेटफॉर्म जो सामान बाहर से इंपोर्ट करके बेचते हैं। असल में भारत में इनकी कीमत 26 हजार से 50 हजार और कुछ मॉडल्स को 1 लाख रुपये तक में खरीदा जा सकती है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762


मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रात: 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682